
RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : रविवार 12 नवंबर 2023 | वर्ष 05 | अंक 201 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक




Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## उप मुख्यमंत्री अजित पवार के निधि से जनवरी तक कलवा को मिलेगी पेयजल संकट से मुक्ति

## राजनाथ यादव को हिंदी भाषी सेल की कमान



**ठाणे :** कलवा पूर्व के लोंगों को भारी पेयजल संकट सहित विभिन्न तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। समस्याओं का समाधान हेतु राज्य के उप मुख्यमंत्री अजित दादा पवार द्वारा दिसंबर महीने में विशेष निधि उपलब्ध कराई जा रही है। जनवरी महीने में पेयजल सहित हर तरह की समस्या से लोगों को मुक्ति मिल जाएगी। यह खुश खबरी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के ठाणे शहर जिला अध्यक्ष आनंद परांजपे ने पार्टी मध्यवर्ती कार्यालय में कलवा से पधारे कार्यकताओं को अपने दीपावली शुभ संदेश में दिया। उन्होंने कहा कि सरकार अपनी है। पुलिस और मनपा प्रशासन से आप लोगों को किसी तरह की दिक्कत नही होगी। निःसंकोच, बिना डरे लोगों का काम करें, पार्टी पूरी मजबूती के साथ आप सभी के पीछे खड़ी है। इसी दौरान आनंद परांजपे ने राजनाथ यादव को ठाणे शहर जिला हिंदी भाषी सेल के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया और उन्हें शुभ कामना दी। इस अवसर पर सुरेश मनिलाल यादव, देवेंद्र गुप्ता, अजय यादव, अशोक जैस्वार, माणिक शर्मा, शिवशंकर यादव, दिवाकर जैस्वार, रमेश जैस्वार, सुरेश विश्वकर्मा, विरेंद्र यादव, लालचंद विश्वकर्मा, कृपा शंकर यादव, सुभाष यादव, रामहित पाल सहित अनेक महिला पदाधिकारी, हिंदी भाषी सेल तथा अनेक मंडलों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महाराष्ट्र में गरमाई राजनीति...

# उद्धव ठाकरे के मुंब्रा पहुंचने पर शिंदे गुट के कार्यकर्ताओं का हंगामा !



**मुंब्रा :** उद्धव ठाकरे के मुंब्रा शिवसेना शाखा दौरे के दौरान शिवसेना के दोनों गुटों के बीच विवाद होता नजर आ रहा है. दोनों गुटों ने एक-दूसरे के खिलाफ नारे लगाए हैं. उद्धव ठाकरे ने आज मुंब्रा में शिवसेना की उस शाखा का दौरा किया, जिसे शिवसेना शिंदे समूह ने तोड़ दिया था. उस वक्त शिवसैनिकों ने उद्धव ठाकरे का जोरदार स्वागत किया था. वहीं, कुछ ही दूरी पर मौजूद एकनाथ शिंदे गुट के कार्यकताओं ने भी उनके खिलाफ नारे लगाए.

**क्या है पूरा मामला ?**

उद्धव ठाकरे शाखा का निरीक्षण करने के लिए मुंब्रा में प्रवेश कर गए हैं और ठाकरे समूह की ओर से पुलिस के खिलाफ नारे लगाए गए हैं. एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के नरेश म्हस्के ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी अविभाजित पार्टी की उन सभी 'शाखाओं' को अपने कब्जे में ले लेगी जिनका इस्तेमाल अनुचित गतिविधियों के लिए किया जा रहा था. सेना ने हाल ही में मुंब्रा में इस तरह से एक शाखा पर कब्जा कर लिया था और इसे नए सिरे से बनाने के लिए इसे ध्वस्त कर दिया था, जिससे उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) के पदाधिकारियों के साथ तनाव पैदा हो गया था.

### जितेंद्र आव्हाड की सलाह...

**एक स्थानीय अधिकारी ने कहा कि आज दिन में ठाकरे के क्षेत्र का दौरा करने की उम्मीद है और इस मुद्दे पर कोई गड़बड़ी न हो यह सुनिश्चित करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है. म्हस्के ने दावा किया कि ठाकरे एनसीपी नेता जितेंद्र आव्हाड की सलाह पर मुंब्रा का दौरा कर रहे थे, उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री के स्वागत वाले पोस्टरों में शिवसेना के संस्थापक दिवंगत बाल ठाकरे और अविभाजित पार्टी के ठाणे के कद्दावर नेता दिवंगत आनंद दिघे की तस्वीरें नहीं थीं.**

## नकदी लूटने के लिए युवक ने एटीएम में लगाई आग, असफल... मुंबई पुलिस ने पकड़ा



**मुंबई :** मुंबई के बोरीवली पश्चिम में शनिवार दोपहर एक बदमाश ने नकदी चुराने के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा का एटीएम लूटने का प्रयास किया। उसने मशीन को आग भी लगा दी, लेकिन वह कैश स्लॉट तक नहीं पहुंच सका।दिनदहाड़े हुई इस घटना में असफल होने के बाद वह व्यक्ति वहां से चला गया और इधर-उधर घूम रहा था। उसी समय बोरीवली थाने की गश्ती टीम ने संदेह के आधार पर उसे पकड़ लिया। एक अधिकारी ने कहा कि बैंक ऑफ बड़ौदा शिमपोली शाखा प्रबंधक दीपक शाहकर द्वारा एक शिकायत दर्ज की गई थी, जिसमें शाखा परिसर के बगल में स्थित एटीएम में इस घटना की सूचना दी गई थी।

# मुख्यमंत्री शिंदे ने दी प्रदेशवासियों की दीपावली की शुभकामनाएं

**मुंबई : मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने प्रदेशवासियों को दिवाली त्योहार की शुभकामनाएं दी है. एकनाथ शिंदे ने कहा कि हमारे महाराष्ट्र के सर्वांगीण विकास के स्वप्न को साकार करने के लिए तथा समूचे विश्व का ध्यान हमारे गौरवशाली प्रगति की ओर आकर्षित करने के लिए हम हर संभव प्रयास करने के प्रति कटिबद्ध है.**



उन्होंने प्रार्थना की कि दीपोत्सव का यह पर्व सभी के जीवन को मंगलमय तथा समृद्ध बनाएं. सभी की आशाएं- आकांक्षाओं और संकल्पों को पूरा करें तथा उनकी मनोकामनाएं भी पूरी करें. अपने शुभेच्छा संदेश में मुख्यमंत्री कहा की हमारे महाराष्ट्र पर छत्रपति शिवाजी महाराज का आशीर्वाद है. उन्होंने राज्य का कार्य, सामाजिक सुधार तथा आदर्श जन कल्याण कैसा हो इसकी सीख दी है. हमारी सरकार भी इसी पथ पर प्रगति कर रही है. उन्होंने कहा कि हमने ऐसे निर्णय लिए है जिसके कारण राज्य के विकास में तेजी आए तथा हमारे नागरिकों की जीवन शैली उन्नयित हो. उन्होंने कहा कि पाठशालाओं में जाने वाले छात्रों से लेकर वरिष्ट नागरिकों तक, मां- बहनों, किसानों, श्रमिक और मजदूरों के जीवन में इस विकास का प्रतिबिंब दिखाई पड़े इस दिशा में सरकार के प्रयास चल रहे हैं.शिंदे ने अपने संदेश में आगे कहा, ''हमने महाराष्ट्र के सर्वांगीण विकास का सपना देखा है और इसका समग्र विकास ही हमारा लक्ष्य है. शिव छत्रपति, जिजाऊ मां साहब का यह महाराष्ट्र केवल देश के या अन्य राज्यों में नहीं, अपितु समूचे विश्व में इसका संज्ञान लिया जाए इस तरह की गौरवपूर्ण प्रगति करता रहेगा और सरकार इस दिशा में प्रयासरत है. इन प्रयासों में महाराष्ट्र कहीं भी पीछे नहीं रहेगा. इसके लिए भी प्रयास करने का वचन देता हूं.''

उन्होंने आगे कहा है, ह्णराज्य की जनता के आयुष्य में खुशियां आए, उनके सभी सपने साकार करने के साथ ही लोगों के कल्याण से संबंधित काम प्रमाणिक तरीके से किए जा रहे हैं और आगे भी सरकार यह काम करते रहेगी मुख्यमंत्री ने कहा कि दिवाली हमारे सभी के जीवन में आनंद और उत्साह ले आती है और हमें भी उतनी ही उत्साह के साथ इस त्यौहार को मनाना चाहिए. उन्होंने कहा कि हम प्रकृति के पुजारी है और हमारे सभी त्यौहार भी यही संदेश देते हैं.

## कचरा जलाने वालों की शिकायत के लिए हेल्पलाइन 81696-81697 नंबर जारी

### बीएमसी ने प्रदूषण रोकने उठाया कदम मुंबई



**मुंबई :** महानगर में बढ़ते प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए बीएमसी कई कदम उठा रही है। लेकिन मुंबई में कई जगह कचरा जलाने की शिकायत बीएमसी को मिली है। जबकि मुंबई में कचरा जलाना एक अपराध है। कचरा और कूड़ा जलाने वालों के खिलाफ दंडात्मक शुल्क की कार्रवाई का प्रावधान है। मुंबई में कचरा और कूड़ा जलाने वालों के खिलाफ शिकायत के लिए बीएमसी ने मुख्यमंत्री स्वच्छ मुंबई हेल्पलाइन 81696-81697 नंबर जारी किया है। लोग कहीं भी कचरा जलाते देखें तो इस नंबर पर शिकायत कर सकते हैं। बीएमसी ऐसा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के निदेर्शानुसार प्रदूषण पर कंट्रोल के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। वायु प्रदूषण नियंत्रण नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

www.rokthoklekaninews.com facebook@rokthoklekhani youtube@rokthoklekhani twitter@rokthoklekhani



## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## छोटे कारोबारों की दस्तक

भारत में क्या घटित हो रहा है यह समझना कभी भी आसान नहीं रहा है क्योंकि यहां हमेशा विरोधाभासी कथानक मौजूद रहते हैं। एक कहानी यह है कि भारतीय कारोबार तेजी से ऐसी स्थिति में पहुंच रहे हैं जहां कुछ प्रभावशाली कारोबारी अधिकांश क्षेत्रों पर दबदबा कायम कर रहे हैं और एक तरह का आर्थिक केंद्रीकरण हो रहा है। स्टील हो या सीमेंट, विमानन या वाहन, दूरसंचार या बैंकिंग, संगठित खुदरा कारोबार या मीडिया, बंदरगाह या हवाई अड्डे, इन सभी में छोटे कारोबारियों को या तो खरीद लिया जा रहा है (खुदरा क्षेत्र में मेट्रो और फ्यूचर, हवाई अड्डों में जीवीके, बंदरगाहों में कृष्णापत्तनम के साथ यही हुआ), या फिर वे बंद हो जाते हैं (विमानन में किंगफिशर, जेट एयर और गो एयर), या एकदम हाशिये पर चले जाते हैं (कई सरकारी बैंक, दूरसंचार क्षेत्र में वीआई) या बाजार से बाहर हो जाते हैं जैसे कि फोर्ड और जीएम। इसके अलावा पोर्टफोलियो प्रबंधन कंपनी मार्सेलस के डेटा विश्लेषण के मुताबिक भारतीय कॉर्पोरेट जगत के 46 फीसदी मुनाफे में केवल 20 कंपनियां हिस्सेदार हैं। एक दशक से दूसरे दशक के बीच शीर्ष 20 कंपनियों में कोई खास परिवर्तन नहीं आया।

यदि कंपनियां इससे बाहर भी हुईं तो ज्यादातर मामलों में सरकारी कंपनियां थीं। अगर केवल शीर्ष निजी कंपनियों को ही गिना जाए तो करीब 15 कंपनियां सबसे अधिक मुनाफे वाली रही हैं और परिभाषा के मुताबिक बीते दो दशक यानी 2002 से 2022 के बीच उनका दबदबा लगातार बढ़ा है। इससे पहले के दशकों में शीर्ष स्तर पर ऐसी स्थिरता देखने को नहीं मिली थी। निश्चित तौर पर सन 1992 से 2002 के दशक में कारोबारी जगत में हलचल देखने को मिली क्योंकि आर्थिक सुधारों की वजह से देश में कारोबारों के परिचालन का माहौल बदला था। शीर्ष स्तर पर व्याप्त नई स्थिरता से यही सुझाव मिलता है कि अर्थव्यवस्था में प्रतिस्पर्धा कम हुई या शायद इसमें परिवर्तन का दौर सीमित हुआ और हलचल के दशक में विजेता बनकर उभरी कंपनियां बाद के दौर में भी अव्वल बनी रहीं। इस निष्कर्ष को इस आंकड़े से भी बल मिलता है कि शीर्ष 20 कंपनियों में केवल सूचीबद्ध कंपनियां शामिल हैं जबकि कई अन्य महत्त्वपूर्ण कारोबार जिनमें अधिकांश विदेशी स्वामित्व वाले हैं वे गैरसूचीबद्ध रहे हैं-ह्युंडै और कोका-कोला, सैमसंग और बॉश आदि ऐसी ही कंपनियां रहीं, हालांकि इनमें से कई अब बाजार में अच्छी पहुंच बना चुकी हैं। चुनिंदा कंपनियों के दबदबे की इस कहानी का विपरीत कथानक यह है कि हाल के वर्षों में शेयर बाजार में सबसे बेहतर प्रतिफल लार्ज कैप शेयरों से नहीं बल्कि मिड कैप और स्मॉल कैप सूचीबद्ध कंपनियों से आया है। इनमें से अधिकांश का नाम भी जाना-पहचाना नहीं है। यह बात समाप्त हो रहे संवत वर्ष और पिछले औसतन पांच संवत वर्षों के लिए भी सही रहा है। निश्चित तौर पर मार्सेलस के आंकड़े दिखाते हैं कि शीर्ष 20 कंपनियों द्वारा शेयरधारक प्रतिफल बीते दशक में उससे पिछले दशक की तुलना में प्रभावित हुआ है। चक्रवृद्धि वार्षिक औसत के रूप में शेयर धारकों का प्रतिफल 2002-12 के दशक के 26 फीसदी से घटकर अगले दशक में 15 फीसदी रह गया। यह रुझान चुनिंदा कंपनियों के दबदबे की कहानी के साथ तालमेल वाला नहीं है। इसका एक आसान स्पष्टीकरण यह होगा कि 2012-22 के दशक में अर्थव्यवस्था बहुत धीमी गति से विकसित हुई: ऐसे में शेयरधारकों का प्रतिफल प्रभावित हुआ। धीमी वृद्धि के साथ छोटे कारोबारियों के लिए माहौल और कठिन हो गया।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# सात शिक्षकों को औरंगाबाद पीठ से बड़ी राहत

## बर्खास्त किए जाने के फैसले पर अदालत ने लगाई रोक



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के जालना में एक अंग्रेजी माध्यम स्कूल के प्रबंधन को बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में प्रबंधन के फैसले को गलत माना है। साथ ही अदालत ने बर्खास्त किये गये सात शिक्षकों को राहत प्रदान करते हुए कहा, उनके साथ बुरा व्यवहार किया गया है। इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।औरंगाबाद बेंच में न्यायमूर्ति रवींद्र घुगे और न्यायमूर्ति वाईजी खोबरागड़े की पीठ ने शुक्रवार को जालना में एम एस इंग्लिश स्कूल के सात शिक्षकों की बर्खास्तगी पर रोक लगाने का आदेश जारी किया। सातों शिक्षक उन 42 शिक्षकों में शामिल हैं, जिन्होंने स्कूल प्रबंधन के फैसले को चुनौती देते हुए रिट याचिका दायर की है।

शिक्षकों की दलील है कि स्कूल की तरफ से उन्हें दिए जा रहे मामूली और अनियमित वेतन का फैसला गलत है। बाद में उन्हें बर्खास्त करने का फैसला भी स्कूल ने मनमाने तरीके से लिया। वकील तलहर अजय के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है कि छह से 26 साल तक की सेवा अवधि वाले शिक्षकों पर गलत कार्रवाई की गई है। शिक्षकों का दावा है कि उन्हें सालाना अस्थायी नियुक्ति आदेश प्राप्त होने के बावजूद, बिना किसी पूर्व सूचना या कारण बताए स्कूल द्वारा बर्खास्त कर दिया गया। उन्होंने दावा किया कि उन्हें अनियमित रूप से भुगतान किया जा रहा था। वेतन के रूप में 12,000 से लेकर 30,000 रुपये के बीच की मामूली राशि रुक-रुक कर जारी की गई।

इस स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए, पीठ ने कहा, अगर शिक्षकों का सेवाकाल छह साल से 26 साल के बीच हैं, तो यह कहना बेमानी है कि शिक्षकों का नियुक्ति आदेश अस्थायी है, क्योंकि हर साल उन्हें अस्थायी वेतन जारी किया जाता है। हाईकोर्ट की खंडपीठ ने कहा, ''ऐसे स्कूलों में, एक प्रशिक्षित स्नातक को परिवीक्षा अवधि पूरी होने के बाद नियमित किया जाना चाहिए। यदि इन याचिकाकताओं की सभी दलीलें सच हैं, उनके साथ बुरा व्यवहार किया गया है, तो हम आज अपनी आँखें बंद नहीं कर सकते।''

पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि औद्योगिक क्षेत्र में भी, अस्थायी नियुक्तियों के लिए विशिष्ट नियम बनाए गए हैं। औद्योगिक रोजगार स्थायी आदेश अधिनियम एक वर्ष में 240 दिन काम करने वाले व्यक्तियों के लिए रोजगार के नियमितीकरण को अनिवार्य करता है।

अदालत ने स्कूल प्रबंधन की याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी कि मामला एमपीईपीएस अधिनियम के तहत स्कूल ट्रिब्यूनल के अधिकार क्षेत्र में आता है। एक अनंतिम उपाय के रूप में, अदालत ने शिक्षकों को बर्खास्त करने के आदेश पर रोक लगा दी और स्कूल प्रबंधन को नवंबर 2023 तक का बकाया वेतन अदालत में जमा कराने का निर्देश दिया। साथ ही कोर्ट ने औरंगाबाद के संभागीय शिक्षा उपनिदेशक को स्कूल के कामकाज के बारे में विस्तृत जानकारी एकत्र कर रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। स्कूल प्रबंधन को छह दिसंबर से पहले जवाब देने को कहा गया है।

# मुंबई के राशनिंग दुकानों मे दीवाली के अवसर पर 100 रुपए मे राशनिंग कीट उपलब्ध



**मुंबई ( फिरोज सिद्दीकी)** कुर्ला विधान सभा क्षेत्र के नेहरू नगर रशन दुकानों पर आनंद की खाद्य सामग्री का सिर्फ 100 रुपए की कम दर पर उपलब्ध किया है।

जिसके कारण नागरिकों की दीवाली त्यवहर आनंद और खुशी मे जाये। उपरोक्त अवसर पर कुर्ला पूर्व नेहरू नगर के शिंदे गुट शिवसेना विधायक मंगेश कुंडलकर ने स्वयं राशनिंग दुकानों मे जाकर औचक निरक्षण कर मुंबई करो को दीवाली का त्यवहर मे किसी चीज की कमी न हो अपने हाथो से लेकर नागरिकों को खाद्य कीट का किया वितरण।

# गोवंडी शिवाजीनगर मे दीवाली कार्यकर्ता स्नेह सम्मेलन का आयोजन

## ईशान्य मुंबई सांसद मनोज कोटक का दीवाली कार्यकर्ता स्नेह सम्मेलन मे हुआ भव्य स्वागत



**मुंबई (फिरोज सिद्दीकी)** गोवंडी शिवाजीनगर मे आज बीजेपी का दीवाली कार्यकर्ता स्नेह सम्मेलन का आयोजन गीता विकास हाल मे संपन्न हुआ। जिसमें बड़ी संख्या मे स्थानीय जनता समेत पद अधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित थे। मीडिया से बातचीत करते हुए ईशान्य मुंबई भाजपा सांसद मनोज कोटक ने कहा की एक तरफ दीवाली के त्यवहरको लेकर मुंबई करो मे खुशी का माहौल देखने को मिल रहा हैं। दूसरी ओर अमित कदम के बीजेपी मे शामिल होने से खुशी दुगनी हो गई है। गौरतलब हो की गोवंडी शिवाजी नगर मे सांसद मनोज कोटक के मार्गदर्शन मे पार्टी संगठन को मजबूत और बढ़ाने का श्रेय जाता है ।जिसके कारण सपा के गढ़ मे वर्तमान समय मे ईशान्य मुंबई बीजेपी पार्टी कांग्रेस, शिवसेना तथा सपा के गढ़ मे मनोज कोटक के नेतृत्‍ ी। बीजेपी कार्यकर्ता विरोधियों को सेंध लागाने के लिए कमर कसी हुई है।

# बिहार की तरह महाराष्ट्र में भी आरक्षण की सीमा बढ़ाएं- अशोक चव्हाण



**नांदेड़ :** बिहार की तरह महाराष्ट्र में भी आरक्षण की सीमा बढ़ाई जानी चाहिए। यह मांग पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने की है। बिहार विधानसभा ने कल आरक्षण की सीमा बढ़ाकर 75 प्रतिशत करने का विधेयक पारित कर दिया। इसी पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने यह मांग की। उन्होंने कहा कि जो बिहार में संभव है वह महाराष्ट्र में क्यों नहीं? राज्य विधानमंडल के आगामी शीतकालीन सत्र में, महा गठबंधन सरकार को महाराष्ट्र में भी आरक्षण की सीमा में ढील देने के लिए कदम उठाना चाहिए; ताकि मराठा आरक्षण की राह आसान हो सके। अशोक चव्हाण ने यह भी कहा है कि, बिहार के भारतीय जनता पार्टी के विधायकों ने इस बिल का समर्थन किया है। कांग्रेस पार्टी पहले ही इस रुख को स्वीकार कर चुकी थी कि, देश में जातिवार जनगणना होनी चाहिए और आरक्षण की सीमा में ढील दी जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि, हैदराबाद और नई दिल्ली में हुई कांग्रेस कार्य समिति की बैठकों में भी ऐसे प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है और मांग की है कि, राज्य सरकार को इस संबंध में पहल करनी चाहिए।




# ठाकरे गुट को लगा फिर बड़ा झटका !

## शिवसेना नाम और पार्टी सिंबल को लेकर सामने आया बड़ा अपडेट



**महाराष्ट्र :** एकनाथ शिंदे ने सत्ता में आने के लिए भाजपा का हाथ थामा। तब से से महाराष्ट्र में शिवसेना पार्टी का और उसके चिन्ह को लेकर शिंदे गुट और उद्धव ठाकरे गुट संघर्ष जारी है। आपको बता दें कि चुनाव आयोग द्वारा शिवसेना पार्टी और धनुष्यबाण चुनाव चिन्ह शिंदे गुट को देने के फैसले के खिलाफ ठाकरे गुट याचिका दायर की थी। अब इस याचिका पर सुनवाई टल गई है।

**क्या बढ़ेगी ठाकरे की मुश्किलें**

सामने आई जानकारी के मुताबिक, सुनवाई 25 दिन के लिए टाल दी गई है और 15 दिसंबर को होने की संभावना है। गौरतलब हो कि इससे पहले सुप्रीम कोर्ट में ठाकरे समूह की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के लिए 20 नवंबर की तारीख तय की गई थी। एक तरफ कोर्ट ने विधायक अयोग्यता मामले में फैसला सुनाने के निर्देश दिए हैं, लेकिन ये तारीख फिर टल गई है।

**क्या है पूरा मामला**

जबकि शिंदे और ठाकरे समूह शिवसेना के नाम और पार्टी चिन्ह पर जोर दे रहे थे, दोनों ने इसके लिए चुनाव आयोग से संपर्क किया। उस समय चुनाव आयोग ने दोनों गुटों की बात सुनने के बाद शिंदे गुट को शिवसेना का नाम और पार्टी का चुनाव चिन्ह दे दिया था। इस पर ठाकरे समूह ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। इस सुनवाई में एक बार फिर देरी होती दिख रही है। इससे पहले यह सुनवाई 11 अक्टूबर को हुई थी। उस वक्त सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के लिए 20 नवंबर की तारीख दी थी और अब 15 दिसंबर कर दी गई है।

**इस आधार पर शिंदे को दिया पार्टी का नाम**

जब चुनाव आयोग ने शिंदे समूह को शिवसेना पार्टी का चुनाव चिन्ह और नाम दिया, तो उसने विधानसभा में विधायकों की संख्या को ध्यान में रखा। इसके साथ ही 2019 में हुए चुनाव में जीतने वाले शिवसेना उम्मीदवारों के वोटों के आंकड़ों को भी ध्यान में रखा गया। इन्हीं आंकड़ों के मुताबिक आयोग ने ये अहम नतीजा दिया। ऐसे में चुनाव आयोग के इस फैसले के खिलाफ ठाकरे समूह ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी जिसकी सुनवाई अब टल गई है।

# शरद पवार और अजीत पवार की मुलाकात...

## राजनीति में दिवाली धमाका होने की संभावना !



**मुंबई :** राकांपा में फूट के बाद एक बार फिर राकांपा अध्यक्ष शरद पवार और अजीत पवार मिले। इस मुलाकात के बाद राज्य की राजनीति में दिवाली धमाका होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। इसके साथ ही राजनीतिक गलियारे में चर्चा है कि अजीत पवार भाजपा का साथ छोड़कर अपने घर यानी राकांपा में वापस आ रहे हैं। अजीत पवार और शरद पवार के बीच कल हुई इस मुलाकात ने भाजपा खेमे में टेंशन बढ़ा दी है। दिवाली के मौके पर शरद पवार के भाई प्रताप पवार से उनके आवास पर यह मुलाकात हुई।

प्रतापराव पवार का निवास बानेर पुणे में है। इस जगह पर शरद पवार, अजीत पवार समेत पवार परिवार के ज्यादातर लोग मौजूद थे। जब शरद पवार पुणे के बानेर स्थित प्रताप पवार के घर गए तो अजीत पवार भी वहां मौजूद थे। शरद पवार दिवाली के मौके पर अपने भाई प्रतापराव पवार के आवास पर गए थे। मीडिया में चल रही खबरों के अनुसार, शरद पवार और अजीत पवार के परिवार ने एक साथ खाना खाया। खाना खाने के बाद अजीत पवार तुरंत दिल्ली के लिए रवाना हो गए। उपमुख्यमंत्री अजीत पवार आज शाम दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात करनेवाले हैं। इस दौरान राज्य के हालात पर चर्चा होने की संभावना है। राज्य में मराठा, ओबीसी, धनगर आरक्षण का मुद्दा गंभीर है। उस पृष्ठभूमि पर भी चर्चा होने की संभावना है। राकांपा के कुछ विधायकों ने शिंदे-फडणवीस सरकार में मंत्री पद की शपथ ली।

इसके बाद राकांपा में फूट पड़ गई। इस फूट के बाद अजीत पवार गुट के कई विधायक राकांपा अध्यक्ष शरद पवार से समय-समय पर मुलाकात करते रहते हैं, जिसके कारण राजनीतिक गलियारे में चचाओं का बाजार गर्म रहता है। कल शिंदे-फडणवीस सरकार के मंत्री दिलीप वलसे पाटील ने शरद पवार से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद राजनीतिक गलियारे में चचाओं का बाजार गर्म हो गया है। बता दें कि इन दिनों राकांपा और अजीत पवार गुट में पार्टी और चुनाव चिह्न को लेकर चुनाव आयोग से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक में मामला चल रहा है। एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं।

# पीयूसी जांच अभियान...

## 67 वाहनों पर 88 हजार रुपए जुर्माने की कार्रवाई




**ठाणे :** कोर्ट ने मुंबई और ठाणे जैसे शहरों में बढ़ते वायु प्रदूषण से निपटने के लिए तत्काल कदम उठाने का निर्देश दिया है। तदनुसार, ठाणे क्षेत्रीय परिवहन विभाग ( आरटीओ ) ने काम करना शुरू कर दिया है। विभाग ने शहर में पीयूसी केंद्रों पर छापा मारकर जांच करना शुरू कर दिया है, वहीं पिछले नौ दिनों से वाहनों का पीयूसी जांच अभियान भी चलाया गया है। इसमें ६७ वाहनों पर ८८ हजार रुपए जुमार्ने की कार्रवाई की गई है। बता दें कि हवा में वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ गया है। ऐसे में यदि समय रहते इसका समाधान नहीं खोजा गया तो यह एक बड़ी चिंता का विषय बन सकता है। इसलिए ठाणे क्षेत्रीय परिवहन विभाग वाहन उत्सर्जन से होनेवाले प्रदूषण को रोकने के लिए सतर्कता बरतना शुरू कर दिया है। पीयूसी केंद्र ने वाहन के साथ एक निरीक्षण अभियान शुरू किया है। उप क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी जयंत पाटील के मार्गदर्शन में १ से ९ नवंबर तक ठाणे शहर में वाहनों के पीयूसी निरीक्षण में पाया गया कि ६७ वाहनों में पीयूसी नहीं है।

# हमास, हिंदुत्व पर चर्चा से IIT बॉम्बे में माहौल गरम

## प्रफेसर और गेस्ट स्पीकर के खिलाफ शिकायत दर्ज.. जानें पूरा मामला

**मुंबई :** प्रसिद्ध लेखक देवदत्त पटनायक का व्याख्यान आईआईटी बॉम्बे में आयोजित किया गया। उसने दिए जाने वाले व्याख्यान को लेकर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बॉम्बे परिसर में हंगामा देखने को मिला। छात्रों के एक वर्ग ने देवदत्त पटनायक के व्याख्यान का विरोध किया और एक अन्य समूह इसे आयोजित करना चाहता था। अंत में आईआईटी परिसर में देवदत्त पटनायक का भाषण हुआ। कई छात्र दिवाली पर घर गए हैं इसलिए आईआईटी में सन्नाटा था और इसी दौरान व्याख्यान का आयोजन किया गया। एक अन्य संगठन, विवेक विचार मंच की महाराष्ट्र शाखा ने मुंबई पुलिस आयुक्त को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। पत्र में लिखा है कि उन तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की जाए जो विभाजनकारी नीतियों को अपनाकर परिसर के वातावरण को दूषित कर रहे हैं और छात्रों को भड़का रहे हैं।

आईआईटी-बॉम्बे के छात्रों ने एक प्रोफेसर और एक अतिथि व्याख्याता के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। आरोप है कि एक व्याख्यान के दौरान हमास




और आतंकवादियों के लिए समर्थन किया गया। व्याख्यान 6 नवंबर को एक पाठ्यक्रम के हिस्से के रूप में हुआ था।

**आईआईटी बॉम्बे में प्रदर्शन**

मानविकी और सामाजिक विज्ञान के स्नातकोत्तर छात्र ओंकार सुपेकर ने प्रफेसर शर्मिष्ठा साहा और सुधन्वा देशपांडे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। ओंकार जन नाट्य मंच के साथ जुडे हैं। विवेक विचार मंच शनिवार को कॉलेज के मुख्य द्वार पर विरोध प्रदर्शन का आयोजन भी कर रहा है। एक पीएचडी छात्र ने कहा कि 6 नवंबर को, पाठ्यक्रम के हिस्से के रूप में, फिलिस्तीन पर आधारित एक वृत्तचित्र की स्क्रीनिंग निर्धारित की गई थी।

# दातों का कराने गई थी -X-RAY...

## लैब टेक्नीशियन ने उठाया गलत फायदा, फरार आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ के आरोप में एक लैब टेक्नीशियन को गिरफ्तार किया है। समाचार एजेंसी ने पुलिस के हवाले से बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी मुलुंड पुलिस ने की है।

मुलुंड पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि एक डायग्नोस्टिक सेंटर में काम करने वाले लैब टेक्नीशियन पर नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ का आरोप है। आरोपी की पहचान सूरज शिंदे के रूप में हुई है। उसे एक नाबालिग



लड़की से छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार, आरोप है कि डायग्नोस्टिक सेंटर में काम करने वाले लैब टेक्नीशियन ने एक्स-रे करते समय लड़की को गलत तरीके से छुआ था। इस दौरान लड़की ने शोर मचाया तो आरोपी वहां से भाग गया। मुलुंड पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि इसके बाद पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

**कोर्ट ने आरोपी को 13 नवंबर तक हिरासत में भेजा**

वहीं, पुलिस ने आगे की कार्रवाई करते हुए आरोपी सूरज शिंदे को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ आईपीसी की धारा 354अ और POCSO एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। इसके बाद पुलिस ने उसे अदालत में पेश किया। जहां कोर्ट ने उसे 13 नवंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

# सिर्फ 18,540 यानी 28.3 फीसदी स्कूलों में ही इंटरनेट की सुविधा

**मुंबई :** राज्य में अगले शैक्षणिक वर्ष से स्कूल स्तर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति की तैयारी चल रही है, लेकिन इंटरनेट कनेक्टिविटी अभी भी कई स्कूलों तक नहीं पहुंची है। यह चौंकाने वाली जानकारी केंद्रीय शिक्षा विभाग की युडायस प्लस २०२१-२२ की रिपोर्ट में सामने आई है। राज्य के आधे से ज्यादा स्कूल ऑफलाइन हैं। राज्य के कुल ६५,६३९ सरकारी स्कूलों में से सिर्फ १८,५४० यानी २८.३ फीसदी स्कूलों में ही इंटरनेट की सुविधा है। इस खुलासे से डिजिटल इंडिया की हवा निकल गई है।



राज्य के हजारों स्कूलों में बिजली ही नहीं तो इंटरनेट कहां से लाएं, ऐसा बड़ा सवाल खड़ा हुआ है। ६५,६३९ सरकारी स्कूलों में से ५०,४६८ में अस्थायी बिजली आपूर्ति है, वहीं ५,१०४ स्कूलों में बिजली नहीं पहुंची है। निजी सहायता प्राप्त स्कूलों की स्थिति अच्छी है। कुल २४,०३७ निजी सहायता प्राप्त विद्यालयों में से २३,७७९ विद्यालयों में बिजली है, वहीं सभी प्रबंधन के १ लाख ९ हजार ६०५ स्कूलों में से १ लाख ४ हजार ९४ स्कूलों में बिजली है। स्कूल शिक्षा विभाग ने १ दिसंबर से राज्य के सभी विद्यार्थियों की ऑनलाइन चैटबॉट अटेंडेंस बनाने की योजना बनाई है, लेकिन सवाल उठ रहा है कि स्कूलों में बिजली ही नहीं होगी तो चैटबॉट अटेंडेंस कैसे लगेगी? निजी सहायता प्राप्त और गैर सहायता प्राप्त स्कूलों में छात्रों की स्वास्थ्य जांच दर ७१.२ प्रतिशत है। २०२०-२१ में ४६ हजार ७२२ सरकारी स्कूलों में स्वास्थ्य निरीक्षण किया गया।




## मीरा भाईंदर समेत मुंबई के एमएमआर में प्रदूषण फैलाने वाले RMC प्लांट को बंद करने का आदेश

### पहले भी जारी किया जा चुका था 'शो-कॉज' नोटिस...नियमों का उल्लंघन कर रह हैं कई प्लांट

**मीरा-भाईंदरः** महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ठाणे प्रादेशिक मंडल ने मीरा-भाईंदर में एक फ्टउ प्लांट पर कार्रवाई करते हुए उसे बंद करने का आदेश दिया है। मीरा-भाईंदर के मासाचापाड़ा परिसर में कई फ्टउ प्लांट हैं। स्थानीय लोगों से इन प्लांट्स से होनेवाले प्रदूषण को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थीं। ठाणे मंडल के प्रादेशिक उप अधिकारी आनंद कटोले ने बताया कि उनकी टीम ने मासाचापाड़ा के कई प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान मेसर्स कंक्रीटटेक को कई नियमों का उल्लंघन का दोषी पाया। प्रादेशिक उप अधिकारी ने 9 नवंबर को इस प्लांट के खिलाफ वॉटर ऐक्ट, एयर ऐक्ट और हैजर्डस ऐक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए इसे बंद करने का ऑर्डर जारी कर दिया। गौरतलब है कि उक्त प्लांट को इससे पहले भी ह्यशो-कॉजह्न नोटिस जारी किया जा चुका था।

**एमबीएमसी और बोर्ड में समन्वयता की कमी**

मीरा-भाईंदर मनपा ने भी आधा



दर्जन से अधिक प्लांट के विषय में प्रदूषण बोर्ड को कई बार सूचित किया है। मनपा उपायुक्त संजय शिंदे का कहना है कि प्रदूषण बोर्ड के अधिकारी मनपा को सहयोग नहीं करते हैं। आपस में समन्वयता की कमी है। मीरा-भाईंदर में प्रदूषण बोर्ड के कर्मचारियों की लापरवाही का खामियाजा शहर को प्रदूषण के रूप में भुगतना पड़ता है। फ्टउ प्लांट के मामलों में शिकायतकर्ता प्रेम यादव बताते हैं कि हर बार बोर्ड किसी खबर, शिकायत या न्यायालय की फटकार के बाद ही जागता है। इससे पहले मानवाधिकार आयोग की नोटिस के बाद बोर्ड की आंखें खुली थी।

## मुंबई क्राइम ब्रांच की बड़ी कार्रवाई! 5 करोड़ का ड्रग्स बरामद... दो आरोपियों की हुई गिरफ्तारी

**मुंबई :** मुंबई क्राइम ब्रांच की एंटी नारकोटिक्स सेल ने धारावी और दहिसर इलाके में छापेमारी की है। कांदिवली और घाटकोपर यूनिट के नेतृत्व में की गई इस छापेमारी में एमडी ड्रग्स और हाइड्रोपोनिक वीड बरामद किया गया है। जानकारी के मुताबिक इन ड्रग्स की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 5 करोड़ रुपये बताई जा रही है। पुलिस से



मिली जानकारी के मुताबिक मुंबई के माटुंगा लेबर कैंप, धारावी इलाके से शाहरुख शैख नाम के शख्स को गिरफ्तार किया गया है। शाहरुख की उम्र 26 साल है जो ड्रग तस्करी का काम करता है। उसके पास से 4 किलो 740 ग्राम हाइड्रोपोनिक वीड बरामद किया गया है।

**मुंबई में ड्रग्स के खिलाफ कार्रवाई**

कांदिवली यूनिट ने दहिसर में एक घर में भी छापेमारी की। इस छापेमारी में एक नाइजीरियन व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है जिसके पास से एमडी ड्रग्स को बरामद किया गया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। वहीं दोनों को कोर्ट में पेश किया गया जिसके बाद कोर्ट ने आरोपियों को 13 नवंबर तक के लिए पुलिस कस्टडी में भेज दिया। पुलिस अब ये जांच कर रही है कि ये ड्रग्स कहां से लेते थे और किसे सप्लाई करते थे। क्राइम ब्रांच पूरे मामले की जांच में जुट चुकी है और नेक्सस का पदार्फाश करने को ले कर जांच कर रही है।

**एक्शन में नारकोटिक्स सेल**

सितंबर महीने में भी मुंबई में ड्रग्स के खिलाफ ऐसी ही कार्रवाई देखने को मिली थी। इस दौरान नारकोटिक्स सेल ने नवी मुंबई में छापेमारी की थी। इस छापेमारी में 5 करोड़ कीमत की ड्रग्स को बरामद किया गया था। नवी मुंबई पुलिस आयुक्त मिलिंद भारंबे के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में वाशी, कोपरखैरणे, खारघर और तलोजा पुलिस स्टेशनों के 6 स्थानों पर छापेमारी की गई थी।

## पालघर में तीन लाख रुपये की कोकेन के साथ नाइजीरियाई व्यक्ति गिरफ्तार

**पालघर :** महाराष्ट्र के पालघर जिले में पुलिस ने 39 वर्षीय एक नाइजीरियाई व्यक्ति के पास से तीन लाख रुपये की कोकेन बरामद होने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक, गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने बृहस्पतिवार रात को मुंबई



के बाहरी इलाके नालासोपारा के हनुमान नगर में नाइजीरियाई व्यक्ति याओ अमेड रेमंड को रोका। विरार में मीरा-भयंदर वसई-विरार पुलिस की अपराध इकाई तृतीय के वरिष्ठ निरीक्षक प्रमोद बादख ने बताया कि जब रेमंड की तलाशी ली गई, तो उसके पास से 30 ग्राम कोकेन मिली, जिसकी कीमत करीब तीन लाख रुपये है। बादख के अनुसार, नालासोपारा पुलिस ने रेमंड के खिलाफ स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

## पेल्हार पुलिस स्टेशन ने चोरी हुए 27 मोबाइल फोन उनके मालिकों को लौटाया, दिया दिवाली का गिफ्ट



**नालासोपारा :** मीरा भयंदर वसई विरार पुलिस आयुक्तालय के अंतर्गत आने वाले पेल्हार पुलिस स्टेशन अंतर्गत चोरी हुए 27 मोबाइल फोन उनके मालिकों तक दीपावली के अवसर पर पहुंचाया गया। पेल्हार पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक वसंत लब्धि ने जानकारी देते हुए बताया कि मीरा भयंदर वसई विरार पुलिस आयुक्तालय के आयुक्त श्री मधुकर पांडे के आदेश पर दीपावली के अवसर पर चोरी हुए 27 मोबाइल फोन उनके मालिकों को सोपा गया जिसकी वजह से उनके चेहरे पर खुशी का झलक दिखाई दे रहा था। वहीं स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस के इस कार्रवाई पर खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया गया।

## पति ने जिंदा जलाया, पत्नी ने फिर भी पुलिस के सामने उसे बचाया... कोर्ट में हुआ खुलासा

**मुंबईः** मुंबई के अंधेरी इलाके से एक अजीबोगरीब घटना सामने आई है। अंधेरी पुलिस ने अपनी पत्नी पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगाकर उसे मारने की कोशिश करने के आरोप में 25 साल एक व्यक्ति




के खिलाफ मामला दर्ज किया है, लेकिन इस मामले में आग से जख्मी हुई पत्नी ने पुलिस को घटना का सच नहीं बताया है। पत्नी ने पुलिस को बताया कि वह घटनावश आग की चपेट में आ गई थी, लेकिन जब से पत्नी को बयान मजिस्ट्रेट के सामने हुआ तो पुलिस भी चौंक गई। इसके बाद पुलिस ने पति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। कपूर अस्पताल में भर्ती महिला की हलात गंभीर बताई जा रही है।

**पुलिस से पति को बचाया**

अंधेरी पुलिस स्टेशन के इलाके रहे वाली 23 साल की महिला गुड्डी परमार बुरी तरह जल गई थी। आरोपी अजय राजीव परमार ने पुलिस से यह कहकर अपना अपराध छिपाने की कोशिश की कि गलती से स्टोव फटने से उसकी पत्न ी जल गई। उसने दावा किया कि पत्न ी को बचाने की कोशिश में उसके हाथ भी जल गए।पुलिस के अनुसार सात नवंबर को को जब गुड्डी को कूपर अस्पताल लाया गया, तो उसने शुरू में पुलिस को अपने बयान में बताया कि जब वह साईं धाम वाडी, जोगेश्वरी (पूर्व) में अपने घर पर खाना बना रही थी, तो स्टोव फट गया और वह उसमें जल गई।

**मजिस्ट्रेट को बताया पूरा सच**

महिला का जब अस्पताल में मजिस्ट्रेट के सामने स्टेटमेंट हुआ, तो उसने बताया कि कैसे उसके पति ने उसे मारने की कोशिश की? बयान में उसने कहा कि उसका पति शराबी था और अक्सर घरेलू मुद्दों पर उसे पीटता था। उसने उसे आग लगा दी क्योंकि वह उसके खिलाफ पुलिस शिकायत दर्ज कराने के लिए पुलिस स्टेशन जा रही थी। अधिकारी ने बताया कि उसने उसे मारने के लिए उस पर पेट्रोल डाला और आग लगा दी। घटना के बाद जब पड़ोसी इकट्ठा हुए तो पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए वह खुद ही उसे अस्पताल ले गया और पुलिस को झूठ बोलने के लिए उस पर दबाव डाला। उसके बयान के आधार पर पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 307 (हत्या का प्रयास) 498ए (किसी महिला पर उसके पति या रिश्तेदार द्वारा क्रूरता करना) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत मामला दर्ज किया।

## 'यह दिवाली बहुत खास है, न्यूयॉर्क के स्कूलों की छुट्टी भारतीयों को नई पहचान देगी'- न्यूयॉर्क मेयर कार्यालय

**नई दिल्ली :** इस साल से न्यूयॉर्क में दिवाली की छुट्टी की घोषणा कर दी गई है। इस मौके पर न्यूयॉर्क शहर के मेयर, एरिक एडम्स के कार्यालय ने अमेरिकी शहर के स्कूलों में दिवाली की छुट्टी शुरू करने के अपने फैसले के कारण इस साल की दिवाली को एक विशेष अवसर कहा है। न्यूयॉर्क मेयर कार्यालय के अंतर्राष्ट्रीय मामलों के डिप्टी कमिश्नर दिलीप चौहान ने कहा कि इस कदम से भारतीय-अमेरिकी समुदाय को एक नई पहचान मिली है। ''वर्षों की वकालत के बाद, न्यूयॉर्क शहर के इतिहास में पहली बार, मेयर एरिक एडम्स ने शहर के स्कूलों में दिवाली को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।'' इससे पहले, जून में, न्यूयॉर्क शहर के मेयर कार्यालय ने शहर के अधिकार क्षेत्र में आने वाले स्कूलों में दिवाली के लिए एक दिन की छुट्टी की घोषणा की थी।



**यह अवकाश दुनिया के लिए एक तोहफा**

दिलीप चौहान ने कहा, ''इस दिवाली की छुट्टियों से भारतीय-अमेरिकी समुदाय को जो मान्यता मिल रही है, उसे देखिए। दिवाली पर, हमारे बच्चों को अब स्कूल जाने की जरूरत नहीं है। वे अपने माता-पिता, अपने परिवार के साथ त्योहार मना सकते हैं, वे मंदिरों में जा सकते हैं। मुझे लगता है कि न्यूयॉर्क शहर के स्कूलों में दिवाली पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा, दुनिया के लिए इतना बड़ा उपहार है।''

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८१ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com